# जेठालाल की बेटी के सफेद बालों पर उठे थे सवाल

## पिता ने चुप्पी तोड़ी, दिया करारा जवाब

*तारक मेहता का उल्टा चश्मा के जेठालाल यानी दिलीप जोशी बीते दिनों अपनी बेटी नियति की शादी को लेकर चर्चा में रहे। किसी भी पिता के लिए यह एक भावुक कर देने वाला पल होता है और ऐसा हुआ भी। दिलीप जोशी जहां एक ओर बेटी को विदा करते हुए इमोशनल दिखे, वहीं शादी में जमकर ढोल भी बजाया। लेकिन इसी के साथ यह शादी एक और कारण से चर्चा में रही। नियति ने अपने बालों को डाई नहीं किया। दुल्हन के ग्रे बालों को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें हुईं। अब दिलीप जोशी ने बेटी के सफेद बालों को नहीं छुपाने के फैसले पर चुप्पी तोड़ी है। पर्दे पर हंसाने वाले जेठालाल ने जो कहा है वह न सिर्फ एक सीख है, बल्कि समझदारों के लिए भी इशारा भी। उन्होंने कहा कि बेटी का यह फैसला उनके लिए कभी कोई मुद्दा था ही नहीं।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**जो जैसा है, वो वैसा ही ठीक है**

दिलीप जोशी ने कहा, उसका अपने सफेद बालों को जस का जस रखने वाली बात हमारे लिए कभी शादी के लिए मुद्दा नहीं था। हमने कल्पना भी नहीं की थी कि लोग इस तरह से रिएक्ट करेंगे। इस पर तो हमारे घर में कभी बात भी नहीं हुई। जो जैसा है वो वैसा ही ठीक है। हर किसी ने इसे पॉजिटिव तरीके से लिया और मुझे खुशी है कि उसके इस कदम से दूसरों को भी प्रेरणा मिली है।

**लो-प्रोफाइल रहती है मेरी बेटी**

दिलीप जोशी आगे कहते हैं, मुझे लगता है कि जो जैसा, उसे वैसा ही रहना चाहिए। हम जैसे हैं, हमें वैसे ही दुनिया के सामने आना चाहिए, न कि कोई मास्क लगाकर। दिलीप जोशी की बेटी नियति हमेशा लाइमलाइट से दूर रही हैं। ऐसे में जब वह शादी के दौरान सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगीं तो फैंस के लिए यह अचरच की बात की। दिलीज कहते हैं, शुरुआत में लोगों ने उसके बारे में बातें करनी शुरू कीं। वह लो-प्रोफाइल रहना पसंद करती है। लेकिन सोशल मीडिया ऐसी चीज है, जिसे हम कंट्रोल नहीं कर सकते। अच्छी बात यह रही कि उसके इस कदम ने लोगों को प्रेरणा दी है और यह अच्छी बात है।



**सलमान संग किया था डेब्यू**

दिलीप जोशी टीवी की दुनिया के सबसे मशहूर टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के प्रमुख किरदार के रूप में घर-घर में पहचाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1989 में सलमान खान के साथ मैंने प्यार किया से की थी। वह कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। लेकिन टीवी उनके लिए गेम चेंजर साबित हुआ। तारक मेहता का उल्टा चश्मा बीते 12 साल से भी अधिक समय से लगातार प्रसारित हो रहा है और अभी भी दर्शकों को पसंद है।

**छोड़ सकते हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा?**

दिलीप जोशी से हाल ही पूछा गया था कि क्या वह कभी तारक मेहता... शो छोड़ सकते हैं? जवाब में उन्होंने कहा, यह एक कॉमेडी शो है और इसका हिस्सा बने रहना मजेदार है। जब तक मैं भी इसे एंजॉय कर रहा हूं, शो करता रहूंगा। जिस दिन यह एहसास होने लगेगा कि मैं अब इसे एंजॉय नहीं कर रहा, मैं आगे बढ़ जाऊंगा। ऐक्टर ने कहा कि उन्हें दूसरे शोज के ऑफर मिलते रहते हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि जब एक शो अच्छा चल रहा है तो वह कुछ और क्यों करें।




## भारती से खुशखबरी पर सवाल तो कहा- दाई मां इधर ही हैं

कमीडियन भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं। प्रेग्नेंसी को लेकर जहां इस क्यूट कपल की खुशी का ठिकाना नहीं है, वहीं भारती मौजूदा हालात को लेकर डरी हुई भी हैं। भारती अपने हंसी-मजाक के लिए पहचानी जाती हैं और गुरुवार को भी मुंबई में ऐसा ही नजारा था। भारती बिग बॉस 15 के सेट पर शूट के लिए पहुंची थीं। इस दौरान पपाराजी ने उन्हें घेर लिया। बातचीत के दौरान वैसे तो भारती का वही मजेदार अंदाज फिर देखने को मिला, लेकिन बातों-बातों में ही भारती ने अपने उस डर का भी खुलासा कर दिया, जो उन्हें प्रेग्नेंसी के इस दौर में सता रहा है। पपाराजी ने भारती से कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर सवाल किया। प्रेग्नेंट भारती ने इस पर अपना डर साझा किया। उन्होंने कहा, अजीब सा कुछ लग रहा है। एक डर सा लग रहा है। आए दिन न्यूज सुनने को मिल रही है कि इसको हो गया, उसको हो गया। फिर से एक साल पहले वाला जो डर था वो लग रहा है। सोचा था कि ब्रेक है घूमने जाएंगे, लेकिन अब घर में ही रहेंगे 3 बीएचके ही इधर से उधर और उधर से इधर करेंगे।

## साल के आखिरी दिन डरा गए कमीडियन अली असगर

द कपिल शर्मा शो में दादी बनकर अली असगर ने दर्शकों को खूब हंसाया है। उन्होंने और भी कई प्लेटफॉर्म पर अपनी कॉमिक टाइमिंग से लोगों को गुदगुदाया है। लेकिन हंसाने वाले कमीडियन अली असगर ने साल खत्म होते-होते लोगों को बुरी तरह डरा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसे देखकर यकीनन आप डर के मारे हिल जाएंगे। इस वीडियो को कमजोर दिल वाले तो बिल्कुल भी न देखें। दरअसल, ये एक प्रैंक वीडियो है। इसमें पार्क दिख रहा है, जिसमें झूले अपने-आप हिल रहे हैं। देखकर ऐसा लग रहा है कि कोई झूला झूल रहा है, लेकिन उस पर कोई बैठा नहीं है। जैसे ही वीडियो थोड़ा-थोड़ा जूम होता है और आप नीले वाले सर्कल को ध्यान से देख रहे होते हैं, तभी अचानक डरावना चेहरा उड़ते हुए सामने आ जाता है। अली असगर ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, शपिछली रात.. प्लीज सावधान रहें। हालांकि, यूजर्स भी कम शातिर नहीं हैं। ज्यादातर लोगों ने कमेंट किया है कि उन्हें पहले से पता था। वहीं, एक यूजर ने लिखा, मैं बहुत जोर से डर गई... फिलहाल ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## अनुराग कश्यप की बेटी हर महीने इतने पैसे करती हैं खर्च



बॉलिवुड के मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप ने बताया कि वह हर महीने कितने पैसे खर्च करती हैं। साथ ही ये भी रिवील किया कि उनका किन दो चीजों पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। बॉलिवुड के मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप बेशक फिल्मों से दूर हों लेकिन वह सोशल मीडिया की लाइमलाइट में छाई रहती हैं। वह इंटरनेट पर काफी सक्रिय हैं और अपने फॉलोअर्स संग अपनी निजी जिंदगी के कई किस्से अक्सर शेयर करती हैं। हाल में ही आलिया कश्यप ने बताया कि वह हर महीने कितने पैसे खर्च करती हैं। याद दिलवा दें हाल में ही अनुराग कश्यप ने एक वीडियो जारी किया था जिसमें उन्होंने बताया था कि बेटी ने अपनी पहली कमाई से उन्हें ट्रीट दी। आलिया ने अपने पैसों से पिता को लंच करवाया। इसे लेकर अनुराग कश्यप खासा खुश थे। अब आलिया ने बताया कि हर महीने का उनका कितना खर्चा है और वह सबसे ज्यादा किन चीजों पर पैसे स्पेंट करती हैं। स्टारकिड ने एक फैन को जवाब देते हुए कहा कि मैं सबसे ज्यादा पैसे खर्च खाने और कपड़ों पर करती हूं।

# दिशा पाटनी को देख गुलाबी हुआ समंदर का नीला पानी

*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए इस समय टाइगर श्रॉफ के साथ मालदीव में हैं और वेकेशन इंजॉय कर रही हैं। दिशा फिल्मों से ज्यादा अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। उनके फैंस इस बात को जानते हैं कि वो बीच की भी दीवानी हैं और अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर पहुंच जाती हैं किसी न किसी खूबसूरत लोकेशन पर।*



दिशा की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और वो सोशल मीडिया पर भी खूब ऐक्टिव रहती हैं। उन्होंने हाल ही में अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बिकीनी पहनकर समुंदर में अठखेलियां करती दिखाई दे रही हैं। उनका ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। इस वीडियो को दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर किया है। उन्होंने पिंक कलर की बिकीनी पहनी है। वो समुंदर के किनारे पर हैं और खुद को पानी में डुबोकर नेचर का लुत्फ उठा रही हैं। इससे पहले दिशा ने बिकीनी में अपनी कुछ फोटोज शेयर की थीं, जिसने इंटरनेट पर आग लगा दी थी। ये तस्वीरें भी मालदीव वेकेशन की ही हैं। इसमें वो बेहद स्टनिंग लग रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। वो सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ योद्धा में दिखाई देंगी। इसकी पहली झलक फैंस देख चुके हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। दिशा और टाइगर की तरह ही फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलेब्स न्यू ईयर वेकेशन के लिए मुंबई से बाहर गए हैं। इनमें अक्षय कुमार-ट्विंकल खन्ना, सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी, रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण, रणबीर कपूर-आलिया भट्ट सहित कई हस्तियां शामिल हैं।